[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, रविवार, 05 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 249, प्रधान संपादक: पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

जोधपुर एयरपोर्ट के नए ... 02

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

04 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण...



## राजस्थान रिफाइनरी के साथ 1.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात, प्रधानमंत्री ने कहा-

# आत्मनिर्भर भारत की नई ऊर्जा बनेगा राजस्थान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा/जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बालोतरा जिले के पचपदरा में आयोजित भव्य समारोह में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी सहित 1 लाख 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी केवल एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके शुरू होने से भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग क्षमता वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकारें केवल शिलान्यास नहीं करतीं, बल्कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कर जनता को समर्पित भी करती हैं। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट में भारत ने दिखाई इच्छाशक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के अनेक देश ऊर्जा संकट और ईंधन की कमी से जूझ रहे थे, लेकिन भारत ने दूरदर्शी नीति, प्रभावी रणनीति और मजबूत कूटनीति के बल पर स्वयं को सुरक्षित रखा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद भारत ने समय रहते सही निर्णय लिए और संकट का सटीक आकलन करते हुए ऊर्जा आपूर्ति की मजबूत व्यवस्था बनाए रखी। देश के संसाधनों का संतुलित उपयोग, प्रभावी कूटनीति और पिछले एक दशक की दूरदर्शी नीतियों के कारण भारत इस चुनौती से सफलतापूर्वक बाहर निकला।

### अफवाह फैलाने वालों की साजिश हुई नाकाम

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कुछ लोग देश में अफवाह, भय और अस्थिरता का माहौल बनाने में लगे थे, तब सरकार दिन-रात काम कर रही थी। देशवासियों ने भी सरकार की क्षमता और निर्णयों पर भरोसा बनाए रखा। इसी विश्वास और जनसहयोग के कारण भारत ने संकट का मजबूती से सामना किया और जो लोग भारत को असफल देखना चाहते थे, वे निराश हो गए। उन्होंने कहा कि जनता ने हर चुनौती के समय देश के साथ मजबूती से खड़े होकर अस्थिरता फैलाने की हर कोशिश को विफल कर दिया।

### वैश्विक संकट के दौरान भारत की कूटनीति बनी ताकत

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने नागरिक देवो भवः की भावना से कार्य करते हुए राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। युद्ध से पहले भारत 25-26 देशों से ईंधन आयात करता था, लेकिन संकट के दौरान प्रभावी कूटनीति के कारण 40 से अधिक देशों से ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। घरेलू एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए रिफाइनरियों की उत्पादन क्षमता बढ़ाई गई, जिससे एलपीजी उत्पादन 35 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन से बढ़कर 54 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन हो गया। साथ ही कम समय में 11 लाख से अधिक घरों को पीएनजी कनेक्शन दिए गए, जिससे घरेलू उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ा। वर्तमान में भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को रियायती दरों पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है तथा वाणिज्यिक गैस की कीमतों में भी कमी की गई है।

### पेट्रोल-डीजल और उर्वरक की आपूर्ति नहीं होने दी प्रभावित

प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 120 डॉलर तक पहुंच गई थीं। कई देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई तथा राशनिंग जैसी स्थिति बन गई, लेकिन भारत में एक दिन के लिए भी ईंधन की कमी नहीं होने दी गई। सरकार ने उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपये की कमी कर आमजन को राहत दी। उन्होंने कहा कि वैश्विक खाद संकट के बावजूद किसानों को केवल 300 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया उपलब्ध कराया गया तथा लाखों करोड़ रुपये की सब्सिडी देकर किसानों के हितों की रक्षा की गई। वहीं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को राहत देने के लिए इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी योजना का विस्तार किया गया, जिससे छोटे उद्योगों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता मिली।





पचपदरा से प्रधानमंत्री ने विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास, जल प्रबंधन और रोजगार को लेकर कई बड़ी घोषणाएं

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

- एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी
- जयपुर मेट्रो फेज-2
- पावरग्रिड बाड़मेर प्रथम ट्रांसमिशन लिमिटेड
- पावरग्रिड ब्यावर-दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड
- 1000 मेगावाट बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना
- 300 मेगावाट करणीसर सोलर पावर प्लांट, बीकानेर
- जोधपुर रिंग रोड (चार लेन) सेक्शन-2
- चूरू-सादुलपुर रेलमार्ग
- चूरू-रतनगढ़ रेलमार्ग।

### रिफाइनरी से पश्चिमी राजस्थान को मिलेगी नई पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग 80 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजस्थान रिफाइनरी प्रदेश के औद्योगिक विकास की नई धुरी बनेगी। इससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे, नए उद्योग स्थापित होंगे और पश्चिमी राजस्थान पेट्रोकेमिकल उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में पिछले 50 वर्षों में एक भी नई रिफाइनरी नहीं बनी, जबकि भारत लगातार अपनी रिफाइनिंग क्षमता बढ़ा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पचपदरा रिफाइनरी में कुछ समय पहले हुई दुर्घटना के बाद जिस तेजी से कार्य पूरा किया गया, वह कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

















### शेखावाटी तक पहुंचेगा यमुना का पानी

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान और हरियाणा सरकार के बीच हुए ऐतिहासिक समझौते के तहत पाइपलाइन के माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र तक यमुना का पानी पहुंचाया जाएगा। लगभग 34 हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना से सीकर, झुंझुनूं, चूरू सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 75 लाख लोगों को दीर्घकालिक पेयजल राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेणुका, लखवार और किशाऊ बांध परियोजनाओं के पूरा होने पर राजस्थान को और अधिक जल उपलब्ध होगा। जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियानों से भूजल स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार आया है।

### सौर ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण पर भी दिया जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान में डेढ़ लाख से अधिक घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है, जबकि पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 65 हजार से अधिक किसानों को सौर पंप उपलब्ध कराए गए हैं। जल संरक्षण अभियान के तहत देशभर में लगभग 25 लाख तथा राजस्थान में सवा लाख से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण किया गया है। उन्होंने प्रदेश के 54 हजार नवचयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

## खबर संक्षेप

### 5 जुलाई को होगी लिपिक ग्रेड-द्वितीय/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित लिपिक ग्रेड-द्वितीय/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 का आयोजन 5 जुलाई (रविवार) को दो पारियों में किया जाएगा। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि जिले में परीक्षा के लिए 234 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 75 राजकीय एवं 159 निजी परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। परीक्षा में लगभग 90 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। इनमें 18,456 अभ्यर्थी राजकीय परीक्षा केन्द्रों तथा 71,544 अभ्यर्थी निजी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे।

उन्होंने बताया कि प्रथम प्रश्न-पत्र का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र अपराह्न 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को प्रथम प्रश्न-पत्र के लिए प्रातः 7:30 बजे तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र के लिए दोपहर 1:00 बजे से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। प्रथम प्रश्न-पत्र के लिए प्रातः 8:30 बजे तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र के लिए दोपहर 2:00 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी एवं बायोमेट्रिक व्यवस्था रहेगी। साथ ही परीक्षा की सतत निगरानी एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 38 उड़नदस्तों का गठन किया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करेंगे। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए उपसमन्वयक, सतर्कता दल सदस्य, केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक, वीक्षक तथा नियंत्रण कक्ष सहित आवश्यक अधिकारियों एवं कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। जिला कलक्ट्रेट जयपुर के प्रथम तल स्थित कक्ष संख्या 116 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने, प्रवेश पत्र एवं वैध फोटोयुक्त पहचान-पत्र साथ लाने तथा परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### शिल्पग्राम में नाटक पापा भाग गए का मंचन आज

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत रविवार 5 जुलाई को पापा भाग गए नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत पीपुल्स मीडिया थिएटर जयपुर द्वारा पापा भाग गए नाटक का मंचन रविवार 5 जुलाई को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। इस नाटक के लेखक एवं निर्देशक अशोक राही हैं। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र में 48 किलो डोडा चूरा बरामद तस्कर गिरफ्तार

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत राजसमंद पुलिस और डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई में एक कार से 48.095 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में चारभुजा थाना पुलिस ने 3 जुलाई को कार्रवाई करते हुए आरोपी जगदीश पुत्र हड़मानराम विश्नोई (26) निवासी रोहट, पाली को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच केलवाड़ा थाना पुलिस को सौंपी गई है। पुलिस ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सोलर प्लांट से केबल चोरी करने वाला 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**जैसेलमेर @ पदमावत मीडिया।** सोलर प्लांटों से केबल चोरी की वारदातों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जैसलमेर पुलिस ने 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की केबल बरामद की है। आरोपी आधा दर्जन से अधिक मामलों में वांछित था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की सहायता से शाहरुख खान (21) निवासी खूहड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अडानी सोलर प्लांट सहित कई स्थानों पर केबल चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार जनवरी 2026 में सोलर प्लांट से 28,018 मीटर डीसी केबल चोरी होने के मामले में जांच के दौरान आरोपी की तलाश की जा रही थी।

# जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन, हवाई संपर्क को मिलेगी नई उड़ान

## 480 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक टर्मिनल राष्ट्र को समर्पित, संशोधित उड़ान योजना का भी हुआ शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**जोधपुर/जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट के नए अत्याधुनिक टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संशोधित उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना का भी शुभारंभ किया। नए टर्मिनल के शुरू होने से पश्चिमी राजस्थान में हवाई संपर्क को नई गति मिलेगी तथा पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा।

उद्घाटन समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। करीब 480 करोड़ रुपये की लागत से विकसित नया टर्मिनल भवन 23 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 20 लाख यात्रियों की है। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित वास्तुकला पर आधारित इस टर्मिनल में आधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण और हरित भवन निर्माण जैसी पर्यावरण अनुकूल विशेषताओं को भी शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर संशोधित उड़ान योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत बनाना और देश के अधिक से अधिक नागरिकों तक सस्ती हवाई यात्रा की सुविधा पहुंचाना है। योजना के तहत 28,840 करोड़ रुपये के निवेश से अगले दस वर्षों में विमानन अवसंरचना का व्यापक विस्तार किया जाएगा, जिससे देशभर में मजबूत और स्थायी एयर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

योजना के अंतर्गत देशभर में 100 नए हवाई अड्डों के विकास पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके अलावा दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों तक हवाई सेवाएं पहुंचाने के लिए 200 आधुनिक हेलीपैड विकसित किए जाएंगे। क्षेत्रीय विमान सेवाओं को निरंतर बनाए रखने के लिए एयरलाइन कंपनियों को 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वायबिलिटी गैप फंडिंग सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के जोधपुर आगमन पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने किया स्वागत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर पहुंचने पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के लोकार्पण समारोह में भी भागीदारी की।

राज्यपाल ने जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन तथा क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने वाली संशोधित उड़ान योजना के शुभारंभ पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि इस पहल से देश में विमानन संपर्क का विस्तार होगा, क्षेत्रीय हवाई सेवाओं को नई गति मिलेगी तथा विमानन आधारित विकास को और अधिक बल प्राप्त होगा। साथ ही इससे प्रदेश के आर्थिक, पर्यटन एवं औद्योगिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

## प्रधानमंत्री की सौगात प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि : राज्यपाल बागडे

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बालोतरा के पचपदरा में पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात राजस्थान के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने करीब 1.06 लाख करोड़ रुपये की पेट्रोकेमिकल्स, रेलवे, सड़क, शहरी परिवहन, ऊर्जा एवं विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही 54 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। राज्यपाल बागडे ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री का प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया।

# 231 करोड़ रुपये के दो बैंक धोखाधड़ी मामलों में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, महाराष्ट्र और गुजरात में छापे

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 231.81 करोड़ रुपये के दो बैंक धोखाधड़ी मामलों में शुक्रवार को महाराष्ट्र और गुजरात के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान दोनों कंपनियों के निदेशकों के आवास, कार्यालय और व्यावसायिक परिसरों की तलाशी लेकर महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए। सीबीआई ने पहला मामला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर एम/एस आर.एल. ज्वेल्स लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी ने फंड का दुरुपयोग, रिकॉर्ड में हेराफेरी और धन के डायवर्जन के जरिए बैंक को 103.58 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। दूसरा मामला केनरा बैंक की शिकायत पर एम/एस आशापुरा गारमेंट्स लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज किया गया है। कंपनी पर बैंकों के कंसोर्टियम के साथ 128.23 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी तथा बैंक ऋण को वस्त्र उद्योग के बजाय अन्य कारोबार में इस्तेमाल करने का आरोप है। सीबीआई ने बताया कि तलाशी के दौरान फंड डायवर्जन से जुड़े दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। जब्त सामग्री की जांच की जा रही है तथा मामले में आगे की जांच जारी है।

## सुखेर थाना पुलिस की कार्रवाई: डकैती और लूट की वारदात से पहले कुख्यात बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सुखेर थाना पुलिस ने डकैती और लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध पिस्टल, मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ राजस्थान और गुजरात के विभिन्न थानों में डकैती, लूट, अवैध हथियार और चोरी के कई मामले दर्ज हैं। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन तथा सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि भीलों का बेदला स्थित एक विला में हथियारबंद बदमाश ठहरा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर प्रताप सिंह (27) निवासी बोरी, थाना कुराबड़ को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल, मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

## सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के प्रयास सफल, झाड़ोल में खुलेगा दूसरा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के प्रयासों से उदयपुर जिले के झाड़ोल क्षेत्र में दूसरा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केंद्र सरकार ने विद्यालय के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू करने हेतु जिला प्रशासन को पत्र भेजा है। सांसद डॉ. रावत ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र झाड़ोल-फलासिया में नवोदय विद्यालय खोलने की मांग की थी। उन्होंने बताया था कि उनकी लोकसभा क्षेत्र में अब तक एक भी नवोदय विद्यालय नहीं है, जबकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता है। भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालय शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। इससे जनजाति एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

## डबोक थाना पुलिस की कार्रवाई: किराये पर ली निर्माण सामग्री बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** डबोक थाना पुलिस ने मकान निर्माण सामग्री किराये पर लेकर उसे बेचने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शटरिंग कार्य में उपयोग होने वाली 1500 प्लेट, 1000 जैक और दो मिक्सर मशीन किराये पर लेकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की थी।

परिवादी देवीलाल डांगी की रिपोर्ट पर दर्ज मामले की जांच के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल के सुपरविजन तथा थानाधिकारी गोपालनाथ के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी शाहिद मोहम्मद (38) को गिरफ्तार किया। मामले में पूर्व में गिरफ्तार एक अन्य आरोपी से 340 जैक सहित करीब 6 लाख रुपये का सामान बरामद किया जा चुका है। प्रकरण में आगे अनुसंधान जारी है।

# 6 जुलाई से आरपीएस बैच-59 का प्रशिक्षण शुरू, डीजीपी करेंगे उद्घाटन



**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में राजस्थान पुलिस सेवा (आरपीएस) बेसिक प्रशिक्षण बैच-59 का उद्घाटन समारोह 6 जुलाई को आयोजित होगा। समारोह में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में नवप्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में आरपीए निदेशक संजीव कुमार नाजार्री स्वागत उद्बोधन देंगे, जबकि महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) अनिल पालीवाल प्रशिक्षण की रूपरेखा पर प्रकाश डालेंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में डीजीपी राजीव कुमार शर्मा नवप्रशिक्षु अधिकारियों को पुलिस सेवा के मूल्य, अनुशासन, नेतृत्व और जनसेवा के विषय में संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को आधुनिक पुलिसिंग, कानून व्यवस्था, अपराध अनुसंधान, साइबर अपराध नियंत्रण, नेतृत्व क्षमता एवं व्यवहारिक पुलिस कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के पचपदरा कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ा सलूम्बर

# रोजगार उत्सव में 342 नव नियुक्त युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र एवं वेलकम किट





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बालोतरा जिले के पचपदरा से राजस्थान रिफाइनरी परियोजना सहित 1 लाख 5 हजार करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिले वर्चुअल माध्यम से जुड़े।





### पंचायत समिति सभागार में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

सलूम्बर में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विभागों में चयनित 342 नव नियुक्त युवाओं को मुख्यमंत्री का बधाई संदेश, वेलकम किट एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला कलक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने सभी नव नियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके और उनके परिवारों के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रत्येक कार्मिक को अपने दायित्वों का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नव नियुक्त युवा अपनी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण से विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### इन विभागों में मिले नियुक्ति पत्र

रोजगार उत्सव के तहत विभिन्न विभागों में चयनित कुल 342 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें प्रशासनिक सुधार विभाग के 306, माध्यमिक शिक्षा विभाग के 21, अजमेर विद्युत वितरण निगम के 6, कृषि विभाग के 3, गृह विभाग (कांस्टेबल) के 2 तथा कॉलेज शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के 1-1 अभ्यर्थी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सलूम्बर विधायक ने सभी नव नियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सपेला ने सभी नव नियुक्त कार्मिकों को कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी जगदीश चंद्र बामनिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उप निदेशक दीपक धाकड़, जिला शिक्षा अधिकारी माया बजाड़, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नीरज भास्कर सहित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हकरू भाई मईड़ा, विधायक शांता देवी मीणा, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, जिला मंत्री करण सिंह, भूरा भाई पटेल, मंडल अध्यक्ष नाहर सिंह राठौड़, विजेश भलवाड़ा, अमरा भाई पटेल, उप प्रधान देवेंद्र सिंह, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रभु लाल जैन, पंचायत समिति नेता प्रतिपक्ष सोहनलाल चौधरी, पूर्व चेयरमैन भगवतीलाल सेवक, पूर्व पार्षद संजय चाष्टा, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नव नियुक्त अभ्यर्थी एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना उदयपुर, ग्रीनफील्ड रिफाइनरी लोकार्पण का हुआ सीधा प्रसारण

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में डेढ़ हजार से अधिक नव नियुक्त कार्मिकों का हुआ अभिनंदन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बालोतरा से आयोजित देश की महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड रिफाइनरी के लोकार्पण समारोह एवं मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का सीधा प्रसारण शनिवार को उदयपुर सहित पूरे जिले में उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच देखा गया। नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नव नियुक्त कार्मिक एवं आमजन उपस्थित रहे। जिले के प्रत्येक ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।

जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी रहे। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी गजपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवल रमानी, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) दीपेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विरमाराम, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिभा गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के



अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिले के डेढ़ हजार से अधिक नव नियुक्त कार्मिकों का वेलकम किट देकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मंच पर पांच नव नियुक्त कार्मिकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। पूरे सभागार में नव नियुक्त कार्मिकों के उत्साह और उल्लास का विशेष माहौल देखने को मिला।

### राजस्थान विकास, सुशासन और रोजगार सृजन के नए युग में प्रवेश कर चुका : बाबूलाल खराड़ी

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि राजस्थान विकास, सुशासन और रोजगार सृजन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। राज्य सरकार पारदर्शी एवं



समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बालोतरा रिफाइनरी का लोकार्पण प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय है, जबकि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव युवाओं के सपनों को साकार करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने नव नियुक्त कार्मिकों से निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ आमजन की सेवा करने का आह्वान किया।

### रोजगार उत्सव युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने वाला प्रयास : चुन्नीलाल गरासिया

राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के समन्वित प्रयासों से राजस्थान में विकास कार्यों को नई गति मिली है। रोजगार उत्सव युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने वाला अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त कार्मिक अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### रिफाइनरी से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती : डॉ. मन्नालाल रावत

लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना किसी भी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और यह आयोजन उसी संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बालोतरा रिफाइनरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी तथा रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। उन्होंने नव नियुक्त कार्मिकों से अनुशासन, कार्यकुशलता और सेवा भावना के साथ कार्य करते हुए शासन-प्रशासन की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया।

समारोह को उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। अंत में सभी अतिथियों ने नव नियुक्त कार्मिकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश के विकास और जनकल्याण के संकल्प को मिलकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# वन विभाग के वाहन चालक और क्षेत्रीय वन अधिकारी 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## लकड़ी से भरे वाहनों को पास करने की एवज में मांगी थी 25 हजार की रिश्वत, एसीबी ने रंगे हाथों दबोचा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने झालावाड़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग के वाहन चालक और क्षेत्रीय वन अधिकारी को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी की झालावाड़ चौकी ने वाहन चालक फिरोज खान एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी विक्रम सिंह (गश्ती दल, रेंज झालावाड़, वन मंडल उप वन संरक्षक कार्यालय) को परिवादी से 15,000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। परिवादी ने 3 जुलाई को शिकायत दी थी कि वह टिम्बर ट्रेडिंग का कार्य करता है। किसानों से पेड़ खरीदकर कटाई कराने के बाद लकड़ी विभिन्न जिलों में भेजी जाती है। आरोप है कि वन विभाग का गश्ती



दल वाहनों को रोककर चालकों से मारपीट करता, डराकर अवैध वसूली करता तथा मासिक बंधी की मांग करते हुए झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देता था।

शिकायत के गोपनीय सत्यापन में सामने आया कि आरोपियों ने लकड़ी से भरे प्रत्येक वाहन को पास करने के बदले 5,000 की दर से पांच वाहनों के लिए कुल 25,000 की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद 15,000 लेने पर सहमति बनी।

मांग की पुष्टि होने के बाद 4 जुलाई को एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की। कोटा रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रेरणा शेखावत के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक साजिद खान के नेतृत्व में टीम ने दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत की राशि आरोपी फिरोज खान की पैंट से बरामद की गई। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक एस. परिमला के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ तथा उनके ठिकानों की तलाशी जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# बसपा की जिला स्तरीय बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को भूपालपुरा स्थित संभाग कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में लोकसभा जोन प्रभारी एडवोकेट जगदीश चंद्र पाल एवं प्रदेश सचिव सी.पी. खटीक ने कार्यकताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष शिव कुमार गौतम ने बताया कि जल्द ही जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों, सेक्टर एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला प्रभारी एडवोकेट सुरेश कुमार मेघवाल, कृष्ण कुमार, होशियार सिंह जाटव, मांगीलाल सेन, राजेश भावनानी, जगदीश चंद्र चंदेल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रीन कॉपरेटिव दिवस पर सहकारिता विभाग ने किया पौधरोपण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस एवं सहकार सप्ताह के तहत ग्रीन कॉपरेटिव दिवस पर सहकार भवन और डूंगरपुर क्रय-विक्रय सहकारी समिति परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक केंद्रीय सहकारी बैंक एवं उप पंजीयक सहकारी समितियां राजकुमार खंडिया ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके



संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा कि सहकारिता आंदोलन आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारी बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गोकुलपुरा उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।

# विश्व सहकारिता दिवस पर सलूम्बर में सहकार संगम आयोजित

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** विश्व सहकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को सलूम्बर क्रय-विक्रय सहकारी समिति परिसर में सहकार संगम एवं कॉपरेटिव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. ने सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उन्होंने सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए सभी को विश्व सहकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के अधिकारी, सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, किसान एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब उदयपुर लेकसिटी की सद्भाविनी बुलेटिन का विमोचन



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** लायंस क्लब उदयपुर लेकसिटी द्वारा वर्षभर की सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों पर आधारित त्रैमासिक बुलेटिन सद्भाविनी का विमोचन इंस्टॉलेशन समारोह में किया गया। मुख्य अतिथि पीआईडी लायन विनोद खन्ना, पीआईडी लायन वी.के. लाड़िया, क्लब अध्यक्ष लायन सिद्धार्थ चतुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बुलेटिन का विमोचन किया। बुलेटिन का संपादन लायन डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान एवं लायन डॉ. मीना बाबेल ने किया है। क्लब अध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर ने बताया कि इसमें वर्षभर की सेवा, सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों का संकलन किया गया है। यह प्रकाशन क्लब की सेवा यात्रा का दस्तावेज होने के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेगा।

# गोगुंदा थाना पुलिस की कार्रवाई: सरकारी विद्यालय चोरी का माल खरीदने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** गोगुंदा थाना पुलिस ने सरकारी विद्यालय में हुई चोरी के मामले में चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 65 इंच का डिजिटल एलईडी बोर्ड बरामद किया है। पुलिस के अनुसार सरकारी विद्यालय में हुई चोरी की जांच के दौरान सामने आया कि चोरी का एलईडी बोर्ड आरोपी चुन्नीलाल उर्फ चिराग (22) निवासी बाड़ीनाल, थाना नाथद्वारा, जिला राजसमंद ने खरीदा था। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, वृत्ताधिकारी गोपाल चंदेल तथा थानाधिकारी श्याम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का एलईडी बोर्ड बरामद किया।

# जयपुर मेट्रो फेज-2 से राजधानी को मिलेगी नई रफ्तार, प्रधानमंत्री ने रखा 13 हजार करोड़ रुपये की परियोजना का शिलान्यास

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बालोतरा जिले के पचपदरा में आयोजित राजस्थान रिफाइनरी लोकार्पण समारोह के दौरान जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का वर्चुअल शिलान्यास किया। लगभग 13 हजार 37 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना से जयपुर की यातायात व्यवस्था को नई गति मिलेगी तथा औद्योगिक, व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को अत्याधुनिक मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी देश कोई बड़ा संकल्प लेता है या कोई नया लक्ष्य तय करता है तो राजस्थान उसकी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण केंद्र बनता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है और जयपुर मेट्रो फेज-2 की आधारशिला तथा जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन राजस्थान के विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि फेज-2 के पूरा होने के बाद जयपुर का कुल मेट्रो नेटवर्क 50 किलोमीटर से अधिक हो जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों को भी बेहतर और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश को 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली जयपुर मेट्रो फेज-2 परियोजना की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि गुलाबी नगरी अपनी समृद्ध विरासत के साथ अब आधुनिक मेट्रो सिटी के रूप में भी नई पहचान बना रही है। नई मेट्रो लाइन से शहर को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी और राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अधिक सुलभ एवं आधुनिक बनेगी।



उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने इस परियोजना का शिलान्यास किया है, उसी प्रकार उनके करकमलों से इसका लोकार्पण भी होगा। जयपुर मेट्रो फेज-2 के तहत प्रह्लादपुरा से टोंडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह कॉरिडोर सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र से लेकर वीकेआई तक के औद्योगिक एवं आवासीय क्षेत्रों को जोड़ते हुए जयपुर की जीवनरेखा के रूप में कार्य करेगा। इस कॉरिडोर में 36 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। परियोजना का क्रियान्वयन राजस्थान मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत सरकार और राजस्थान सरकार की 50:50 साझेदारी के तहत किया जाएगा।

यह कॉरिडोर सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, वीकेआई, जयपुर एयरपोर्ट, टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल, स्टेडियम, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन, अंबाबाड़ी तथा विद्याधर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। परियोजना में एयरपोर्ट क्षेत्र में भूमिगत स्टेशन का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे शहर में एकीकृत और निरंतर मेट्रो नेटवर्क विकसित होगा।

### 12 किलोमीटर के पहले पैकेज का एलओए जारी

जयपुर में वर्तमान में फेज-1 के तहत मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक 11.64 किलोमीटर लंबी मेट्रो सेवा संचालित है, जिसमें 11 स्टेशन शामिल हैं। अब फेज-2 के प्रथम पैकेज के लिए 918.04 करोड़ रुपये से अधिक लागत के कार्यों का एलओए (स्वीकृति पत्र) जारी कर दिया गया है। इसके तहत प्रह्लादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक 12 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर, 10 एलिवेटेड स्टेशनों तथा मेट्रो डिपो तक जाने वाली स्पर लाइन का निर्माण किया जाएगा। परियोजना के पूर्ण होने के बाद जयपुर में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को भी बड़ा बल मिलेगा। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सहित विभिन्न परिवहन साधनों का मेट्रो से बेहतर एकीकरण सुनिश्चित होगा। साथ ही चाकसू, चौमूं तथा आसपास के कस्बों को निकटतम मेट्रो स्टेशनों से जोड़ने के लिए फीडर बस सेवाएं भी शुरू की जाएंगी। वर्तमान में जयपुर मेट्रो से प्रतिदिन लगभग 50 हजार यात्री सफर कर रहे हैं। फेज-2 के पूरा होने के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग ढाई लाख यात्रियों प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि आगामी वर्षों में इसके चार लाख से अधिक यात्रियों प्रतिदिन तक पहुंचने की संभावना जताई गई है।

## खबर संक्षेप

### कुराबड़ थाना पुलिस की कार्रवाई

### मोहित ज्वेलर्स चोरी मामले में 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** कुराबड़ थाना पुलिस ने मोहित ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 किलोग्राम चांदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 15 मार्च 2026 को मोहित ज्वेलर्स में हुई चोरी के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, वृत्ताधिकारी गोपाल चंदेल तथा थानाधिकारी तेजू सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना हाजा के टॉप-10 अपराधी एवं 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी कुंदन (21) निवासी धोगलियों का खेड़ा, थाना बिजयपुर, जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम चांदी बरामद की है। इस मामले में अब तक कुल 68 किलोग्राम चांदी बरामद कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में आगे अनुसंधान जारी है।

### सुखेर थाना पुलिस की कार्रवाई

### स्कॉर्पियो में एमडी ड्रग्स लेकर घूम रहे दो तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सुखेर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स (मेथामफेटामाइन) तथा एक स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवाओं को मादक पदार्थ बेचने की तैयारी में थे। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन तथा सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में सुखेर थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुष्पेंद्र सिंह (21) निवासी रामदेरिया तालाब, आकौड़ा, जिला बाड़मेर तथा धीरज (22) निवासी राय कॉलोनी, कोतवाली बाड़मेर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी वर्तमान में उदयपुर के सुखेर क्षेत्र में किराये पर रह रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स (मेथामफेटामाइन) तथा स्कॉर्पियो वाहन (आरजे04 यूबी 4799) बरामद कर जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी युवाओं को एमडी ड्रग्स बेचने का काम करते थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे अनुसंधान शुरू कर दिया है।

### इस्लापुर पुलिस ने 1.34 लाख का प्रतिबंधित गुटखा जब्त, एक गिरफ्तार

**नांदेड़ @ पदमावत मीडिया।** इस्लापुर थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 1.34 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा, पान मसाला और सुगंधित तंबाकू जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में परिवहन में प्रयुक्त रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस के अनुसार गोपनीय सूचना पर हुंडी-तेटोटंबा मार्ग पर घेराबंदी कर दीपक गणेश आलडवाड (30) निवासी किनवट को पकड़ा गया। तलाशी में उसके कब्जे से 54,882 रुपये का प्रतिबंधित गुटखा एवं तंबाकू तथा 80 हजार रुपये मूल्य की मोटरसाइकिल बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



### 18-19 जुलाई को ब्लॉक, 26 जुलाई को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** पंच गौरव योजना के तहत एक जिला-एक खेल अभियान अंतर्गत कबड्डी की ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 18 एवं 19 जुलाई तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता 26 जुलाई को आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश राय सापेला ने बताया कि जिला प्रशासन ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी ग्राम पंचायतों की पुरुष एवं महिला टीमों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए समिति का गठन किया गया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक ब्लॉक की विजेता एवं उपविजेता पुरुष और महिला टीमें भाग लेंगी।

# 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का समापन, प्रतिभागियों का सम्मान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विज्ञान समिति एवं महावीर इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का समापन समारोह विज्ञान समिति परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महीप भटनागर ने की, जबकि मुख्य अतिथि महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष रवीन्द्र सुराना रहे। मीडिया प्रभारी प्रो. विमल शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में 18 महिलाओं ने राजपूती पोशाक, महिला सूट, लहंगा-ब्लाउज सहित विभिन्न परिधानों की सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन कर किरन कुमारी को प्रथम, दुर्गा वैष्णव को द्वितीय, जशोदा मेघवाल को तृतीय तथा लक्ष्मी आमेटा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। डॉ. के.एल. कोठारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



# राज्यपाल कटारिया ने देवास पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने शनिवार को निमार्णाधीन देवास चरण-तृतीय एवं चरण-चतुर्थ पेयजल परियोजना का निरीक्षण कर टनल और बांध निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने टनल साइट पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के तहत 14.65 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण किया जा रहा है तथा दोनों बांधों से प्रतिवर्ष 1000 एमसीएफटी पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। करीब 1690.55 करोड़ रुपये की यह परियोजना उदयपुर की दीर्घकालीन पेयजल जरूरतों को पूरा करेगी। राज्यपाल ने परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वास कार्यों की जानकारी लेकर उन्हें संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने से उदयपुर की जल सुरक्षा मजबूत होगी और पिछोला व फतहसागर झीलों के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रताप गमेती, विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी पुष्कर तेली तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जीतो लेडीज विंग ने मनाया दो वर्षीय स्वर्णिम कार्यकाल उत्सव



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जीतो लेडीज विंग, उदयपुर ने वर्ष 2024-26 के दो वर्षीय सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में विंडहैम ग्रैंड, फतहसागर में अभ्युदय से अनंत तक थीम पर समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में पिछले दो वर्षों में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रस्तुति दी गई। समारोह में जीतो उदयपुर चैप्टर के चेयरमैन यशवंत आंचलिया, राजस्थान जोन सेक्रेटरी सोनाली मारू सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दो वर्षों की गतिविधियों पर आधारित विशेष वीडियो प्रदर्शित किया गया।

## ऑपरेशन अश्ववेग में नकबजनी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा @ पदमावत मीडिया।** ऑपरेशन अश्ववेग के तहत जसोल थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, नकदी तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस के निर्देशन में गठित टीम ने बोरावास में हुई चोरी की जांच के दौरान रामसिंह और मोहम्मद तसलीम को गिरफ्तार किया।

## खबर संक्षेप

### नेशनल क्वालिटी टीम ने पीएचसी सराड़ी का किया निरीक्षण

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एनक्यूएएस) के तहत राष्ट्रीय टीम ने दो दिवसीय दौरे में



आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराड़ी का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने बताया कि राज्य स्तर पर प्रमाणित होने के बाद केंद्र का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया जा रहा है। टीम ने अस्पताल की साफ-सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन, निशुल्क जांच, दवा वितरण, उपकरणों की उपलब्धता एवं अन्य मानकों का निरीक्षण किया। चिकित्सा प्रभारी मेजर डॉ. राजेंद्र जाट एवं स्टाफ ने टीम को सभी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन मिलने पर स्वास्थ्य केंद्र को तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष 3 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### मोटापे से मुक्ति के लिए पांच दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर 8 जुलाई से

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिंधी बाजार एवं पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 12 जुलाई तक पांच दिवसीय निःशुल्क



इंटीग्रेटेड योग शिविर आयोजित होगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 6:30 से 8:30 बजे तक राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय, सिंधी बाजार में आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि योगाचार्य अशोक जैन के निर्देशन में आसन, व्यायाम, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही आयुर्वेदिक उपचार, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी जाएगी। शिविर में प्रतिदिन वजन की जांच भी होगी। डॉ. शोभालाल औदीच्य एवं मोहित मेनारिया ने इच्छुक लोगों से योग मैट और पानी की बोतल साथ लाकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

### आईसीएआई की पब्लिक रिलेशंस कमेटी में सीए हर्षित जैन शामिल



**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (सीआईआरसी) ने वर्ष 2026-27 के लिए गठित पब्लिक रिलेशंस कमेटी में उदयपुर के प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए हर्षित जैन को को-ऑप्टेड सदस्य नियुक्त किया है। कमेटी के अध्यक्ष सीए निर्भीक गांधी ने बताया कि सीए हर्षित जैन इससे पूर्व आईसीएआई की इंटरनेशनल अफेयर्स कमेटी में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी सक्रिय भूमिका और अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीए हर्षित जैन ने नियुक्ति पर आईसीएआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रोफेशन के हित और जनसंपर्क गतिविधियों को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।



# मुश्किल दौर ने बदली जिंदगी, फिल्मों में काम रुका तो फैशन बिजनेस में रखा कदम

अभिनेत्री और वीडियो जॉकी (वीजे) रिया चक्रवर्ती एक ऐसा नाम है, जिन्होंने कड़ी मेहनत और हुनर के दम पर सोशल मीडिया, टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री में एक पहचान बनाई है। रिया चक्रवर्ती का जन्म 1 जुलाई 1992 को एक बंगाली परिवार में हुआ था। रिया के पिता इंद्रजीत चक्रवर्ती आर्मी में रहे हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई अंबाला कैंट के आर्मी पब्लिक स्कूल से की। रिया ने करियर की शुरुआत 2009 में एमटीवी पर आए रियलिटी शो 'टीवीएस स्कूटी टीन दिवा' से की। इसमें वह पहली रनर-अप रहीं। इसके बाद वह 'पेप्सी एनटीवी वासुप', 'टिकटैक कॉलेज बीट', 'एमटीवी गॉन इन 60 सेकेंड्स' और 'एमटीवी रोडीज - कर्म या कांड' जैसे लोकप्रिय रियलिटी शो में बतौर होस्ट के रूप में नजर आईं।

रिया ने अपनी एक्टिंग करियर की शुरुआत 2012 में तेलुगु फिल्म 'तुनीगा तुनीगा' से की। इसके बाद उन्होंने 2013 में 'मेरे डैड की मारुति' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। अभिनेत्री ने इसके बाद कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग और खूबसूरती का जलवा बिखेरा, जिसमें 'सोनाली केबल', 'जलेबी', 'बैंक चोर' और 'चेहरे' जैसी फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों ने लोगों के बीच पहचान दिलाई। हालांकि, 2020 में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के असामयिक निधन के बाद, रिया के जीवन में एक ऐसा मोड़ आया, जिसने उन्हें मीडिया और कानूनी जांच के केंद्र में ला दिया। दरअसल, रिया उस समय सुशांत को डेट कर रही थी, लेकिन सुशांत की संदिग्ध मौत से वह कई सवालों के घेरे में आ गईं।

इस मामले में ड्रग्स से जुड़े आरोपों के कारण उन्हें अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ जेल में लगभग 28 दिन बिताना पड़ा था, लेकिन लगभग 5 वर्षों के मुश्किल समय के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिया को सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में मार्च 2025 में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर क्लीन चिट दे दी। जानकारी के मुताबिक, 2020 के मुश्किल दौर के बाद अभिनेत्री को फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलना बंद हो गया था। उस समय उन्होंने 2023 में अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ मिलकर एक स्ट्रीटवियर फैशन ब्रांड शुरू किया, जिसका नाम उन्होंने 'चैप्टर 2 ड्रिप' रखा। यह ब्रांड ओवरसाइज्ड टी-शर्ट, हुडी और अन्य यूनीसेक्स कपड़ों के लिए जाना जाता है, जिसकी वैल्यूएशन बहुत ही कम समय में करोड़ों में हो गई है।

# अहमद खान ने बताया क्यों 'वेलकम टू द जंगल' से बाहर हुए संजय दत्त?



अहमद खान द्वारा निर्देशित फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, फिल्म के प्रोमो में दिखाए गए लगभग पांच एक्टर फिल्म से गायब दिखे। जिसके बाद दर्शकों के मन में उन कलाकारों के रोल्स को लेकर सवाल जरूर हैं। अहमद खान ने फिल्म से संजय दत्त के गायब होने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संजय दत्त ने 'वेलकम टू द जंगल' इसलिए छोड़ी क्योंकि उन्हें शूटिंग की तारीखों में दिक्कत थी और उन्हें इलाज के लिए अमेरिका जाना था। उन्होंने एक्टर और फिल्म की टीम के बीच किसी भी तरह के तनाव की बात को खारिज कर दिया। निर्देशक ने कहा कि संजू बाबा को स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई थी और वह सच में फिल्म का हिस्सा बनना चाहते थे। फिल्म में उनके कई दोस्त थे जैसे जग्गू दादा (जैकी श्रॉफ), अक्षय कुमार वगैरह। वह बहुत उत्साहित थे। हमने उनके साथ फिल्म का कुछ हिस्सा शूट भी किया था। लेकिन उन्हें तारीखों की दिक्कत थी। उन्हें अमेरिका जाना था। वह इलाज के लिए वहां गए थे और मैं इतने सारे एक्टर्स की तारीखें नहीं बदल सकता था।



# 'लॉक अप 2' में 'जनता की आवाज' बनकर आएंगी कंगना

अभिनेत्री कंगना रनौत इस हफ्ते के आखिर में नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप: सच या सजा' में एक खास मेहमान के रूप में दिखाई देंगी। इस बार वह शो में 'जनता की आवाज' बनकर एंट्री लेंगी।

खबर के अनुसार, शो से पहले कंटेस्टेंट के एलिमिनेशन के दौरान कंगना मुख्य होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख के साथ जूरी का हिस्सा बनेंगी। कंगना ने कहा कि यह शो सच को स्वीकार करने के बारे में है और यहां हर फैसले की एक कीमत चुकानी पड़ती है। इस शो के पिछले सीजन को खुद कंगना ने ही होस्ट किया था, इसलिए उनकी वापसी से फैंस काफी उत्साहित हैं। इस नए सीजन में धीरज धूपर, हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी समेत 15 कंटेस्टेंट्स शामिल हैं।

### फिल्म 'क्वीन 2' की शूटिंग हुई पूरी


टीवी शो के अलावा कंगना अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'क्वीन' के सीक्वल यानी 'क्वीन 2' को लेकर भी चर्चा में हैं। कंगना ने सोशल मीडिया पर बताया कि इस फिल्म की मुख्य शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। उन्होंने पूरी टीम के साथ इसका जश्न भी मनाया। हाल ही में कंगना रनौत फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' में नजर आई थीं, जो 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# 'राका' में अहम भूमिका निभाएंगी रश्मिका मंदाना

'पुष्पा' में रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन की जबरदस्त केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था, और अब खबर है कि ये जोड़ी फिल्म 'राका' में फिर साथ नजर आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रश्मिका मंदाना इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल जल्द ही मुंबई में शुरू होने वाला है और रश्मिका भी जल्द इस शेड्यूल को जॉइन करेंगी। डायरेक्टर एटली की इस फिल्म को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है, और रश्मिका की एंट्री से फैंस का एक्साइटमेंट और बढ़ गया है। दर्शक इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हर नई अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### क्या शाहरुख का होगा कैमियो?



खबरों की मानें तो इस फिल्म में रश्मिका के अलावा मृणाल ठाकुर और जाह्नवी कपूर भी अहम किरदारों में नजर आ सकती हैं। वहीं, यह भी चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म में कैमियो कर सकते हैं, हालांकि अभी तक मेकर्स की तरफ से इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हाल ही में ऐसी भी खबर आई थी कि फिल्म का टीजर एक वर्चुअल इवेंट में लॉन्च किया जा सकता है, जिसमें एटली, अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण शामिल हो सकते हैं।

### 'राका' का पहला पोस्टर आया सामने

अल्लू अर्जुन के 44वें जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने 'राका' का पहला पोस्टर रिलीज किया था। इस पोस्टर में अल्लू अर्जुन का चेहरा फर के पीछे आंशिक रूप से छिपा हुआ नजर आता है, जिसमें उनके लुक को काफी वाइल्ड और दमदार दिखाया गया है। उनकी आंखें काफी पावरफुल और रहस्यमयी लग रही हैं। बताया जा रहा है कि 'राका' को 700 करोड़ रुपये से ज्यादा के बड़े बजट पर बनाया जा रहा है। इस फिल्म को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रही है। मुंबई में जल्द ही इसका अगला शूटिंग शेड्यूल शुरू होगा और पूरे साल इसकी शूटिंग जारी रह सकती है।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।